# सालासर आने वाले भक्तों को नहीं मिल रहा फ्री पार्किंग का लाभ

## सालासर में स्वेदश दर्शन योजना के तहत खर्च किए गए करोड़ों रूपए जा रहे व्यर्थ

**सालासर,**(निसं)। पर्यटन को बढ़ावा देने व सालासर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु पर्यटन विभाग द्वारा विकास कार्यो के लिए खर्च किए गए 6 करोड़ 42 लाख रूपए व्यर्थ जा रहे है। ये हम इसलिए कह रहे है क्योंकि सालासर बालाजी धाम में सुविधाओं के विस्तार हेतु तत्कालीन सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजनान्तर्गत यात्रियों के लिए फ्री पार्किंग मय टॉयलेट, जलसुविधा, साईनेज, सोलर लाईट, डस्टबिन, एवं बस स्टैण्ड तथा हनुमान घाटी पर टॉयलेट का निर्माण व 250 मीटर की दो सड़कों का निर्माण कराया गया था।

योजना के तहत पार्किंग का निर्माण होने के बाद से ही ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण सुजानगढ़ रोड़ स्थित आईटीडीसी होटल के सामने बनी पार्किंग, चांदपोल हनुमान के पास स्थित पार्किंग, श्रीबालाजी गौशाला संस्थान के बाहर बनी पार्किंग यात्रियों के कोई काम नहीं आ रही है। सुजानगढ़ रोड़ स्थित पार्किंग में तो बनने के बाद से ही ताला लगा है। हकीकत तो ये है कि सालासर बालाजी दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों को पार्किंग की जानकारी तक नहीं है। या यूं कहे कि जिम्मेदारों के इस बड़ी पार्किंग को बंद कर निजी पार्किंग संचालकों को सह दी जा रही है। जब पर्यटन विभाग द्वारा बनाई गयी सुविधाओं से युक्त पार्किंग को लेकर सालासर ग्राम विकास अधिकारी राजेश बेरवाल ने पूछा तो उन्होनें बताया कि पार्किंग चालू है। जबकि हकीकत ये है कि पार्किंग बनने के बाद से ही उसके मुख्य गेट पर ताला लटक रहा है।



सालासर धाम में पार्किंग का बंद पड़ा गेट।

**2017 में हुए थे सालासर में करोड़ो के विकास कार्य :** सालासर में वाहनों से आने वाले यात्री भार को देखते हुए पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकास कार्यो के लिए 6 करोड़ 76 लाख 96 हजार रूपए स्वीकृत किए गये थे। जिसके तहत सालासर में मल्टीलेवल पार्किंग, रोशनी के लिए पार्किंग में मय सोलर प्लेट वाली लाइट, शौचालय सहित अनेकों कार्य पंचायत में हुए थे। लेकिन मोनिटरिंग के अभाव में ये कार्य अब धूल फांक रहे है।पार्किंग में दिखे सिर्फ पोल, गायब मिली लाइट सरकार ने करोड़ो रूपए खर्च कर रोशनी व्यवस्था हेतु मय सोलर प्लेट के साथ लाइट लगाने का कार्य किया था। लेकिन उन पोलों पर भी लाइट व सोलर प्लेट नहीं है। इनका कहना- हमने कार्य पूर्ण कर प्रोपर्टी बनाकर पंचायत को हैंडओवर कर दी है। अब मेंटिनेंस व देखरेख का कार्य सालासर ग्राम पंचायत का है।

अनिल राठौड़, सहायक निदेशक पर्यटन विभाग।जो सरकार की योजना के तहत सुविधाओं का विस्तार किया गया था। उनमें से शौचालय सिर्फ यात्रियों के काम आ रहे है। अन्य किसी सुविधा का लाभ श्रद्धालुओं को नहीं मिल रहा है। सरकार की योजनाओं का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। पार्किंग तत्काल शुरू करनी चाहिए। सालासर में भाजपा सरकार के द्वारा अभूतपूर्व विकास कार्य कराए गये थे। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा पर्याप्त मोनिटरिंग नहीं किए जाने के कारण करोड़ो रूपए सरकार के व्यर्थ जा रहे है। पार्किंग शुरू करने से सालासर के अंदर वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे भक्तों को दर्शन में और सुविधा मिलेगी।सुजानगढ़ रोड़ स्थित पार्किंग चालू है। वहां गाडिय़ा खड़ी होती है। यात्रियों को लाभ मिल रहा है।

## छात्रवृत्ति आवेदन 31 मई तक

**बीकानेर,** (कासं)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण करने, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा नवीन पंजीयन या पूर्व पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रम वार फीस स्ट्रक्चर अपडेट करने की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विशेष समूह योजना, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित या अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर अथवा मोबाईल ऐप के माध्यम से अब 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित विद्यार्थी को जाति प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र आय घोषणा पत्र एवं अन्य जानकारी जनाधार पोर्टल पर अपडेट करवानी होगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मान्यता या पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा निर्धारित अवधि में अवश्य करवानी होगी।

## सार-समाचार

### भवन की आधारशिला रखी



**तारानगर**(निसं)। तारानगर के पंडित तुलसीराम राम धेरड़ व देवकी देवी ने अपने सुपुत्र स्व. सुनील कुमार की पुण्य स्मृति में क्षेत्र के आशापूर्ण हनुमान मंदिर मोटाणा जोहड़ा में भवन की आधारशिला रखी। साहित्याचार्य, क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडित गोपाल शास्त्री ने मंत्रोच्चारण द्वारा विधिवत पूजन अर्चना करवाया। स्व. सुनील के छोटे भाई किशन ने पूजा अर्चना करवायी। पूजा अर्चना के दौरान विजेंद्र कुमार पुजारी, पं. नरेश शर्मा, मनोहरलाल सांखोलिया, शंकरलाल, मंगलवैद शर्मा, हरिसिंह बेनिवाल, राजेंद्र प्रसाद, किशोर कुमार, कमल कुमार, शिव कुमार, रामचंद्र, मातुराम, पवन स्वामी, श्याम सुंदर, गोविंदराम, ब्रह्मदत्त, सांवर मल, रवि शर्मा, धीरज शर्मा, सत्यनारायण शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विवाहिता को भगाने का आरोप

**बीकानेर,** (कासं)। विवाहिता को उसके घर से भगा ले जाने तथा शादीशुदा होने के बावजूद उसके साथ दूसरी शादी कर लेने का मामला बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। दरअसल पीड़ित पति ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित पति मनोज सिंधी है। जो कि श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा बास स्थित सिंधी कॉलोनी का रहने वाला है। जबकि मामले में आरोपी काजल पुत्री गोरधनदास तथा किशनगढ़ निवासी आशीष हुडियावाल पुत्र पूरणमल है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी काजल के साथ हुई थी। दोनों बिग्गा बास सिंधी कॉलोनी स्थित मकान में रहते है। आरोप है कि 18 अप्रैल को आरोपी उसकी पत्नी काजल को भगा ले गया तथा यह जानते हुए कि काजल शादीशुदा है। इसके बावजूद उसके साथ शादी कर ली। आरोप लगाया है कि काजल घर से जाते-जाते घर से आभूषण भी चोरी करके अपने साथ ले गई।

### शिविर में 93 यूनिट रक्तदान

**बीकानेर,** (कासं)। ईश्वर ने हमें ये जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके, परोपकार का ऐसा सुन्दर भाव जब हमारे ह्दय में उत्पन्न हो जाता है। तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। ये उद्गार सतगुरू माता सुदीक्षा ने मानव एकता दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरूवचन सिंह की मानवता के लिए की गई उनकी सेवाओं को समर्पित है। जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है। सन्त निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा सन्त निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन के द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 हजार यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसी क्रम में मिशन की बीकानेर ब्रांच के द्वारा रानी बाजार स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### छात्रवृति के लिए अंतिम तिथि 31 मई

**झुंझुनूं,**(निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की और से उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत छात्रवृति पोर्टल पर शिक्षण संस्थानों द्वारा नवीन पंजीयन करवाने तथा पूर्व पंजीकृत संस्थाओं की मान्यता एवं पाठ्यक्रम फीस स्ट्रक्चर अद्यतन करने तथा पोर्टल पर विद्यार्थियों के द्वारा आनॅलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने के लिए (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) नवीन अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि छात्रवृति योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी अधतन दिशा निर्देश एवं नियम वेब पोर्टल एवं वेबसाईट पर विजिट की जा सकती हैं।

### 1 मई को मनाया जाएगा श्रमिक दिवस

**झुंझुनूं,**(निसं)। श्रमिक दिवस प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है। इस दिवस को अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक अपने साथी श्रमिकों एवं परिजनों के साथ मना सके इस उद्देश्य से जिले के सभी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों से तथा जिले के सावर्जनिक उपक्रमों के प्रबंधकों से श्रम कल्याण अधिकारी की ओर से अपील की है कि वे 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित कर श्रमिकों को यह दिवस मनाने में सहयोग प्रदान करें।

# स्कूल वैन की टक्कर से बच्चे की मौत

- तेज गति से आ रही निजी स्कूल की वैन ने आठ साल के बच्चे को चपेट में ले लिया

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में एक आठ साल के बच्चे को निजी स्कूल वैन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बच्चे को उपचार के लिए पीबीएम अस्पताल ले गए लेकिन आज सुबह उसकी मौत हो गई। बच्चे की उम्र मात्र 8 वर्ष थी।

बच्चा अपने मामा के साले की शादी में शामिल होने बीकानेर आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र खेमाराम देवासी निवासी सुवाप आऊ जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके के हाजी मार्केट के पास मंगलवार सुबह अपने मामा के घर से बाहर निकला ही था कि तेज गति से आ रही एक निजी स्कूल की वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए पीबीएम के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंचे जहां आज सुबह उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## वार्षिकोत्सव समारोह कल

**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय अशोक स्तम्भ के पास स्थित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। संरक्षक राज्य स्तरीय पुरुस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक अम्बिका प्रसाद शर्मा ने बताया कि कल 26 अप्रैल शुक्रवार को सांय 6 बजे आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह में संत सानिध्य संत श्री निवृति नाथ कृष्णा महाराज (प्रणवाश्रम गनेडी धाम, सीकर), मुख्यातिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि एवं अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# संदूक का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**नोखा,** (कासं)। पुलिस से बेखौफ चोरों ने सोमलसर में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे 40 हजार नकदी और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।

चोरी की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वह सुबह नींद से उठे तो देखा कि घर के अंदर रखी संदूक का ताला टूटा है और उसमें रखे जेवरात व रूपए गायब हैं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बीकानेर से एफएसएल टीम घटना स्थल पर पहुंची और मौका-मुआयना कर चोरों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। वहीं गांव में चोरी की वारदात होने के बाद लोग दहशत में हैं। नोखा के सोमलसर निवासी सहीराम पुत्र खेमाराम जाट ने रिपोर्ट में बताया कि वह परिवार सहित खेत पड़ौसी रामलाल गोदारा की ढ़ाणी में विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। उसकी पत्नी ने सोने के आभूषण पहने थे। वहां से रात्रि में करीब 12 बजे वापस ढ़ाणी में आकर पहने आभूषण सोने की अंगूठी, सोने के टड्डे, सोने का फूलड़ा, कानों की बालियां आदि उतारकर घर की साल में रखी संदूक के अंदर ताला लगा दिया। बाद में साल के दरवाजे के ताला लगाकर घर के आगे बनी चौकी सो गए। रात्रि 3 से 4 बजे के बीच चोर घर के पीछे की तरफ से रसोई की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। बाद में घर की साल के दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर रखी संदूक के कब्जे तोड़े और उसमें रखे हुए लाखों के जेवरात व 40 हजार रूपए नकदी चोरी कर ले गए। वह सुबह 6 बजे उठा तो देखा कि घर के दरवाजे के ताले टूटे थे व कमरे में सामान बिखरा हुआ था। और संदूक के कब्जे टूटे थे, उसमें रखे जेवरात व नगदी रुपए गायब थे।

# शितला बाजार में विहिप, बजरंग दल की जिला बैठक सम्पन्न

- प्रांत सह मंत्री ने संगठनात्मक गतिविधियों पर दिया बल

**सादुलपुर,**(निसं)। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की जिला बैठक बुधवार को जिला धर्माचार्य प्रमुख संपतनाथ महाराज के सानिध्य में शीतला माता मंदिर परिसर शितला बाजार राजगढ में हुई। जिसमें जिला विभाग मंत्री सतीश मिश्रा ने सामूहिक प्रार्थना कराने के पश्चात संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर बल दिया। प्रखंड उपाध्यक्ष मांगीलाल जांगिड ने नियमित बैठक कराने की बात कही।

प्रांत सहमंत्री विवेक दिवाकर ने बजरंग दल व परिषद वर्ग प्रशिक्षण शिविर की सूचना देते हुए संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहते हुए निष्ठा से कार्य करने का मूलमंत्र दिया। जिला उपाध्यक्ष अनिल शास्त्री की अनुशंसा पर सूबेदार मेजर विनोद शर्मा को जिला सहमंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक में बजरंग दल जिला सहसंयोजक यशवीर सूरतपुरा, विश्व हिंदू परिषद मंत्री गोपाल जोशी, नगर उपाध्यक्ष विनोद खटीक, गोविन्द प्रजापत, उपाध्यक्ष मांगी लाल जांगिड, नगर अध्यक्ष मनीराम दर्जी, नगर मंत्री दिनेश तिवारी, नगर सहमंत्री प्रदीप सैनी, विधिक सलाहकार एडवोकेट महेंद्र भामासी, एडवोकेट प्रेम सिंह बीका, एडवोकेट प्रीतम शर्मा, प्रखंड सत्संग प्रमुख श्रीकृष्ण प्रजापत, रमाकांत शर्मा, नगर मिलन केंद्र प्रमुख विकास लाटा, प्रखंड गोरक्षक प्रमुख डॉ. राजकुमार फगेडिया, बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक प्रमित राव, बजरंग दल नगर संयोजक घनश्याम मीणा, सहसंयोजक बंशी गोदारा, दीपक शर्मा, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख मोनू जडिया, सहसुरक्षा प्रमुख जयवीर गोस्वामी, नगर सहसुरक्षा प्रमुख संदीप स्वामी, बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख रामचंद्र सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता कपिल पारीक (चूरू), प्रखंड संरक्षक लक्ष्मीकांत गट्टानी आदि उपस्थित थे। बजरंग दल के प्रवीण सरदारपुरा ने संगठन की आगामी कार्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी एवं संगठन के द्वारा पूर्व में किए गए संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा की। इससे पूर्व प्रांत सहमंत्री विवेक दिवाकर ने विश्व हिन्दू परिषद् के संरक्षक सांवरमल अत्री के निवास स्थान पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान मोक्ष भूमि, महर्षि बाल्मीकि स्मारक, शहीद स्मारक व राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया और विहिप व बजरंग दल द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की।

## मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी

**सीकर,**(निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना के लिए श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय के विभिन्न कमरों में विधानसभा वार मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी।

विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ (33) में मतगणना के लिए कमरा नम्बर 78, धोद (34) में कमरा नम्बर 31, सीकर (35) में कमरा नम्बर 108, दांतारामगढ़ (36) में 30, खण्डेला (37) में कमरा नम्बर 102, नीमकाथाना (38) में कमरा नम्बर 73, श्रीमाधोपुर (39) में कमरा नम्बर 64, चौमू (43) में कमरा नम्बर 40 में मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि डाक मतपत्रों की गणना के लिए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीकर (05) में मतगणना के लिए कमरा नम्बर 67,68 में पीबी टेबलों की संख्या 12 प्लस एक,69 में 11 प्लस एक पीबी टेबलें लगाई जायेगी।

# पानी के लिए ग्रामीण टंकी पर चढ़े

- नापासर कस्बे में पेयजल किल्लत को लेकर तीन सरपंच प्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए

**बीकानेर,** (कासं)। गर्मी की आहट के साथ ही पेयजल की किल्लत को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया है। जिसके चलते अब आमजन की बजाय जनप्रतिनिधियों में विरोध के स्वर उठने लगे है और विरोध स्वरूप अपनी बात की सुनवाई के लिये पानी की टंकी पर चढ़ गये है।

जिले के नापासर कस्बे में पेयजल किल्लत को लेकर तीन सरपंच प्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए है। बेलासर, मूंडसर और सींथल ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। आज तीनों गांवों के सरपंच प्रतिनिधि पीएचईडी कार्यालय पहुंचे तो वहां से संतोषप्रद जवाब नहीं मिला तो ग्रामीण सहित सरपंच प्रतिनिधि टंकी पर चढ़ गए। सींथल सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट गणेश दान, मुंडसर सरपंच प्रतिनिधि चतराराम मूंड, बेलसर सरपंच प्रतिनिधि दीपाराम नायक सहित तीनों ग्राम पंचायत के ग्रामीण मौके पर मौजूद है। टंकी पर जान प्रतिनिधियों के चढने की खबर मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी टंकी के पास एकत्रित हो गये हैं।सरपंच प्रतिनिधि गणेश दान का कहना है कि पिछले कई महीनों से पीने का पानी तक सरकार नहीं दे पा रही है। गांवों में महिलाएं काफी दूर जाकर पानी ला रही है। कई बार महंगे टैंकर लेने पड़ते हैं। कैलाश दान का आरोप है कि विभाग के अधिकारियों को कई बार इस समस्या के बारे में बताया है।


## बेदखली सूचना

मनके सीताराम पुत्र श्री मदनलाल जाति मेघवाल व रतनी पत्नी श्री सीताराम जाति मेघवाल निवासीगण कस्बा राजगढ वार्ड नम्बर 30 मौहल्ला नेत जी का थान, तहसील राजगढ जिला चूरू (राजस्थान) के है, जो निम्न कथन लिखे अनुसार शपथ पूर्वक बयान करते हैः- यह कि हमारे पुत्र अनिल ने हमारी मर्जी के खिलाफ सपना के साथ शादी की है। हमारा पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना हमारे कहे अनुसार नहीं चलते हैं। आवारा व बदमाश प्रवती के लोगों की संगत में रहते हैं। यह कि दोनों पति पत्नी किसी से रूपये पैसे हमारे नाम से उधार लेते हैं, या किसी से कोई झगडा फसाद, मुकदमा बाजी करते है तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह कि हमारा पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना को हमारे द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं, हमारा पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना हमें आत्महत्या करने की धमकी देते हैं। इस कारण हमनें हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना को आज दिनांक 18.04.2024 को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। यह कि आज से हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पत्ती व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। हमनें हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना को हमारे परिवार से अलग कर दिया है तथा हम शेष सभी सदस्य अलग परिवार बना कर रहने लग गये है। यह कि आज के बाद हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना के द्वारा किये जाने वाले किसी भी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेदार वह स्वयं होगे, हमारे घर परिवार में इनका कोई लेना-देना नहीं रहा है। आज से हमारे उक्त पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना को घर से अलग कर दिया है। यह कि हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना के द्वारा किसी भी प्रकार का लेन-देन करने, वाद विवाद या झगडा फंसाद करने पर या किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना कारित करने या अन्य कोई भी गलत काम करने पर हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह कि उक्त बात की हमने सामाजिक पंचायत की थी, व सामाजिक पंचायत में हमने हमारे पुत्र अनिल व उसकी पत्नि सपना को हमारे परिवार से बेदखल कर दिया है। सूचित रहे।

शपथग्रहिता / सूचनाकर्ता
सीताराम पुत्र श्री मदनलाल जाति मेघवाल व रतनी पत्नी श्री सीताराम जाति मेघवाल
निवासीगण कस्बा राजगढ वार्ड नम्बर 30 मौहल्ला नेत जी का थान,
तहसील राजगढ जिला चूरू (राजस्थान)


## महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया

**सीकर,**(निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार को पिपराली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया।

सीएचसी पिपराली के प्रभारी अधिकारी डॉ वासुदेव सैनी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार की सुबह भैरूजी स्टैण्ड पिपराली की रहने वाली सुमन रानी को परिजन अस्पताल लेकर आए। इस पर डॉ पूजा ने उनके स्वास्थ्य की जांच की और प्रसव के अस्पताल में भर्ती किया। महिला दो बच्चों को जन्म दिया। महिला का यह तीसरा प्रसव है। पहले उसके एक लड़का व लड़की हैं। इसको देखते हुए डॉ पूजा ने उसके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जांच की और अस्पताल में सुरक्षित प्रसव करवाया। जच्चा व बच्चा स्वास्थ्य है। उन्होंने बताया कि सीएचसी पिपराली में पहली बार ट्विन्स (दो बच्चे) प्रसव करवाया गया है। इस कार्य में डॉ पूजा, डॉ रामनिवास, डॉ वासुदेव, डॉ राहूल, नर्सिंग स्टाफ शमशेर खान, भंवरी देवी, सुमन, परमेश्वरी, एएनएम संगीता ने सहयोग किया।

# सी.एच.सी. अलसीसर व मलसीसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

- जिला कलेक्टर ने चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

**झुंझुनूं,**(निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने गुरूवार को सीएचसी अलसीसर व मलसीसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

सीएचसी अलसीसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कार्मिकों की जानकारी ली एवं डेपुटेशन पर कार्यरत चिकित्सकों की सूची भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएचसी के रिकॉर्ड का संधारण सही तरीके से नहीं पाये जाने पर नाराजगी जताई व मेडिकल रिकाड्र्स को सही तरीके से संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों को प्रसुताओं की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी में जागरूकता के लिए लगाए गए पोस्टर- बैनर्स को एकरूपता में लगाने के लिए भी प्रभारी को पाबंद किया।

**मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देश -** मलसीसर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने पंजीकरण काउंटर में अतिरिक्त ऑपरेटर लगाने के निर्देश दिए और कहा कि इससे मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने में कम समय लगेगा। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर, लैबोरेट्री एक्स.रे



जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने सीएचसी अलसीसर व मलसीसर अस्पताल का औचक निरीक्षण ।

रूम सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। वार्ड के निरीक्षण के दौरान महिलाओं से चर्चा कर अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जिला कलक्टर ने जानकारी ली। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे व बायोमेट्रिक उपकरण सही पाए गये। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बायोमेडिकल वेस्ट के सही निस्तारण करने व अस्पताल में व्यापक सफाई, पीने के पानी व मरीजों के बैठने, दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी, तहसीलदार विनोद पूनियां, बीसीएमओ डॉ. राहुल सुमन, मलसीसर अस्पताल के प्रभारी डॉ. सत्यवीर सिंह भी उपस्थित रहे।

**मलसीसर डेम का भी लिया जायजा -** गुरूवार को मलसीसर निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने मलसीसर में लिफ्ट परियोजना के तहत बने डेम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान डेम में पानी के आवक, स्टॉक, पेयजल आपूर्ति, पानी के महत्वपूर्ण प्रोसेस के बारे में जानकारी ली।


ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 110 608
EXAMINATION SECTION

ADMISSION NOTICE NO. 25/2024

F.No.AIIMS/Exam.Sec./Advt./4-5/(INI-CET-PG-July-24)/2024 19.02.2024

INI-CET for admission to PG Courses for July 2024 session

AIIMS, New Delhi invites online applications for Institute of National Importance Combined Entrance Test **(INI-CET) July 2024** Session for admission to PG courses [MD/MS/M.Ch.(6years)/ DM(6years)/MDS] of **AIIMS, New Delhi and other AIIMS, JIPMER Puducherry, NIMHANS Bengaluru, PGIMER Chandigarh & SCTIMST Trivandrum** as per following schedule: -

| Date of uploading Prospectus Part-A including eligibility criteria: 18.03.2024 | | |
|---|---|---|
| Online Registration for application | Start date | Closing Date |
| • Registration and Basic Information | 18.03.2024 | 12.04.2024 (by 5:00 pm) |
| • Generation of Examination Unique Code (EUC)<br>• Completion of Application form | 05.04.2024 | 26.04.2024 (05:00 pm) |
| Uploading of admit card on AIIMS website | 13th May, 2024 (Monday) | |
| Date of Examination | 19th May, 2024 (Sunday) | |

Please visit the website www.aiimsexams.ac.in regularly for all the latest updates and detailed information.

PAAR

ASSTT. CONTROLLER (EXAMS)